# यूडीए द्वारा तोड़े गए अतिक्रमण के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से तोडे गए अतिक्रमण की कार्रवाई के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता प्राधिकरण के गेट से अंदर जाना चाहते थे, लेकिन आगे पुलिस खडी थी। आक्रोश और नारे लगाते हुए दो बार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने धक्का देकर अंदर घुसने का प्रयास किया तो पुलिस ने भी धक्का देकर उन्हें पीछे किया।

उदयपुर के सविना ग्रामीण क्षेत्र में उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से पिछले दिनों तोडे गए अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया।कार्यालय के बाहर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने यूडीए अफसरों और ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड और देहात अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी के साथ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।यूडीए के मुख्य गेट पर राठौड ने कहा. वे यूडीए कमिश्नर राहुल जैन को ज्ञापन देकर बात करना चाहते हैं। इस बीच आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया तो पुलिस ने पीछे धकेल दिया। बाद में सभी वहीं फाटक के पास बैठ गए।गेट पर चढे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं तो पुलिस ने दिया धक्का पुलिस अधिकारियों ने कहा. यूडीए सचिव को ज्ञापन दे दीजिए,कमिश्नर अंदर नहीं हैं। इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ता अड गए और बोले. कमिश्नर को ही ज्ञापन देंगे और वे यहां बाहर आएं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए।



उदयपुर में यूडीए द्वारा तोड़े गए अतिक्रमण के विरोध में कांग्रेस ने यूडीए के बाहर प्रदर्शन किया।

- यूडीए के प्रवेश द्वार हंगामा, गेट पर चढ़े कार्यकर्ताओ को पुलिस ने धकेला

बाद में बात नहीं बनी तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं वापस फाटक की तरफ से अंदर कूदने लगे। इस पर पुलिस और कांग्रेसी आमने-सामने हो गए। इस बीच पुलिसकर्मियों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीछे धक्का दिया। हंगामे के बीच कुछ कार्यकर्ता फाटक पर चढ गए।पुलिस ने लगातार समझाइश की,लेकिन कमिश्नर से मिलने की बात पर कांग्रेसी कार्यकर्ता अडे रहे। बाद में बात बनी और अंदर पोर्च में यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर आए और उनको ज्ञापन दिया।

विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन के बाद उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने कहा कि उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के नाम पर गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में अनेक गरीब परिवारों के मकान तोडे गए यह अत्यंत दुखद एवं अमानवीय घटना है। सभी गरीब परिवार उन भू-माफिया के बहकावे में आए जिन्होंने अपने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करते हुए अवैध प्लॉट बेच दिए।

इन भू.माफिया में कुछ सत्तारूढ दल के नेता एवं पदाधिकारी सम्मिलित है। इन गरीब परिवारों ने अपने जीवन भर की कमाई लगाकर इन भूखंडों पर मकान बनाए और उसमें रहने लगे। उसे क्षेत्र में विधायक मद से पानी की टंकी का निर्माण हुआ,साथ ही अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली कनेक्शन जारी किए गए साथ ही जलदाय विभाग द्वारा पानी के कनेक्शन भी दिए गए इससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित विभागों को इस बस्ती के अस्तित्व की जानकारी थी। इसके अतिरिक्त यूआईटी के तहसीलदार एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारी जिनके सेक्टर में यह क्षेत्र आता है उनकी मॉनिटरिंग में भी गंभीर लापरवाही रही। यदि इन अधिकारियों ने समय पर संज्ञान लेकर अवैध निर्माण प्रारंभ में ही रोका होता तो आज ये नौबत नहीं आती। अतः इन अधिकारियों को भी समान रूप से जिम्मेदार मानते हुए उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी ने कहा कि एक व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही अपना मकान बनवाता है और उस मकान में उसकी जीवन भर की कमाई खर्च हो जाती है। ऐसे में प्राधिकरण ने मानवीय मूल्यों को ताक में रखकर सभी को बेघर कर दिया। सबसे बडे दोषी तो वो भू.माफिया है जिन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर गरीब भोले.भाले परिवारों को अंधेरे में रखकर ये प्लॉट दिए। उनके साथ ही वो कर्मचारी भी दोषी है जिन्होने वर्षों तक इन गरीब परिवारों को अंधेरे में रखकर बिजली,पानी के कनेक्शन दिया। ऐसे में इस कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही इन गरीब परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था भी करनी चाहिए।

ज्ञातव्य है कि उदयपुर विकास प्राधिकरण ने उदयपुर शहर के सविना खेडा क्षेत्र में सरकारी जमीन पर हुए निर्माण को चार दिन पहले ध्वस्त करते हुए कब्जे साफ किए थे। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो गए थे और वहां पक्के निर्माण तक कर लिए गए। इसे लेकर कांग्रेस का विरोध है कि कार्रवाई बिना नोटिस दिए की गई। कांग्रेस का कहना है कि गरीबों के घर उजाडे गए।

# 2023 के बाद के कब्जों को हटाया गया, किसी रहवासी को नहीं हटाया : यूडीए आयुक्त

- सरकारी जमीन पर कच्ची-पक्की बाउंड्री व कोटड़ियां बनाकर किया गया था कब्जा, आगे भी होगी कार्रवाई
- उदयपुर के सवीना खेड़ा ग्राम पंचायत में हटाए गए अतिक्रमण का मामला
- 'दस्तावेज हमें दे ताकि जांच करें और दोषियों पर कार्रवाई की जा सके'

**उदयपुर, (कासं)।** सवीना खेड़ा ग्राम पंचायत में यूडीए द्वारा अतिक्रमण हटाने की जो कार्रवाई की गई है वह उस बिलानाम जमीन पर वर्ष 2023 के बाद जो भी दो वर्षों में कब्जे किए गए उन पर की गई है। इसके अंदर कच्ची व पक्की बाउंड्री व कोटड़ियां बनाई गई थी उन्हें खत्म किया गया है जो निर्माणाधीन मकान थे उन्हें विधिवत नोटिस जारी कर हटाया गया है। किसी भी व्यक्ति जो वहां रहवास कर रहा था उसमें से किसी को भी नहीं हटाया गया है, रहवास वाले व्यक्तियों को हटाने वाली जो बात की जा रही है वह गलत है। यूडीए द्वारा जो कार्रवाई की गई है वह विधिवत जांच के बाद की गई है।'

उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) आयुक्त राहुल जैन ने सोमवार शाम पत्रकारों से मुखातिब होते हुए यह बात कही। शहर से सटे राजस्व ग्राम सवीनाखेड़ा में स्थित आराजी संख्या 1545 से 1553, 1536, 1539, 1540 सहित अन्य सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हाल ही उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा नियमानुसार हटाया गया। इसमें किसी भी रहवासी का घर नहीं उजाड़ा है। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में आज की तिथि तक नगर विकास प्रन्यास के नाम दर्ज है। राहुल जैन ने कहा कि गुगल अर्थ के जरिए हमने सेटेलाइट इमेजरी देखी थी और सेटेलाईट इमेजरी के जरिए जो 2022 व 2023 तक के निर्माणों को हमने नहीं छेड़ा है। उनके भी आगे दस्तावेज लेकर उन पर निर्णय लेकर कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी जमीन पर एग्रीमेंट पर ये बात स्पष्ट रूप से निकल कर आती है कि क्रेता व विक्रेता को यह बात स्पष्ट रूप से पता था कि यह सरकारी जमीन बिलानाम सरकारी जमीन थी जो अब उदयपुर विकास प्राधिकरण के पास है और इस जमीन पर कभी भी कार्रवाई हो सकती है। इस जमीन के एग्रीमेंट पर कई लाइनों में इनका साफ जिक्र किया गया है। एग्रीमेंट में कहीं भी आबादी का खसरा नंबर या सरकारी जमीन का कोई खसरा नंबर नहीं है। इसके साथ में यह बात भी लिखी हुई है कि अगर भविष्य में कोई भी कार्रवाई उदयपुर विकास प्राधिकरण या राज्य सरकार द्वारा की जाएगी तो विक्रेता की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी और क्रेता इस संबंध में न्यायालय में कभी भी कोई वाद नहीं कर सकेगा। इन बातों से स्पष्ट होता है कि जमीन जो थी वो सरकारी थी जिसकी सबको जानकारी थी। साथ ही जिन लोगों ने ऐसे कृत्य व फर्जीवाड़े किए है उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके इसके लिए यूडीए में विशेष शिविर लगाया जाएगा जिसमें आप अपने दस्तावेज दे ताकि उसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। चार-पांच परिवार बेघर हो गए है सवाल के जवाब में कहा कि यूडीए आयुक्त ने कहा कि ऐसे जो पीड़ित परिवार है वो मुझसे मिल सकते है उनके लिए जो भी व्यवस्था होगी की जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने उदयपुर के समस्तवासियों से निवेदन किया कि वे इस तरह के झांसे में न आएं। आप जो भी निवेश करें यह विशेष रूप से बिना आराजी व एग्रीमेंट के आधार पर जमीनें नहीं खरीदे और कागजात की पूरी जांच करें ताकि भविष्य में किसी तरह की पीड़ा या परेशानी नहीं उठानी पड़े।

# विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर हुआ आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व रेडियोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन कृषि महाविद्यालय सभागार में किया गया। यह आयोजन राजस्थान रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन द्वारा किया गया, गीतांजली हॉस्पिटल ने मेडिकल पार्टनर के रूप में सहभागिता निभायी।

समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर विधायक श्री फूल सिंह मीना रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद शुक्ला (प्रोफेसर, रेडियो फिजिक्स विभाग), गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से सीटीवीएस सर्जन डॉ. संजय गांधी एवं ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. रामअवतार सैनी डॉ. एन.के. राठौर (विभागाध्यक्ष, रेडियोथेरेपी विभाग, आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर) उपस्थित रहे। डॉ. रामअवतार सैनी ने समारोह में आधुनिक चिकित्सा तकनीक वैलीस रोबोट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गीतांजली हॉस्पिटल में यह अत्याधुनिक तकनीक अब घुटनों के रिप्लेसमेंट सहित अनेक जटिल सर्जरी में सफलतापूर्वक उपयोग की जा रही है। इस तकनीक की सबसे बडी विशेषता यह है कि इसमें सर्जरी से पहले सीटी स्कैन की आवश्यकता नहीं होती, जिससे मरीज को अनावश्यक रेडिएशन एक्सपोजर से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक अधिक सटीक, सुरक्षित और मरीजों की तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करती है। वहीं, सीटीवीएस सर्जन डॉ. संजय गांधी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार आधुनिक रोबोटिक और इमेजिंग तकनीकें आज के समय में जटिल हृदय एवं वैस्कुलर सर्जरी को और भी सुरक्षित, प्रभावी और सटीक बना रही हैं। समारोह में डॉ. रामअवतार सैनी, सीटीवीएस सर्जन डॉ. संजय गांधी एवं एजीएम, रेडियोलॉजी विभाग शशिराज केनथ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर से आए लगभग 600 रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट, विशेषज्ञ एवं छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकिरण सुरक्षा एवं रेडियोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया।

# प्राकृतिक खेती पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

**भीम, (निसं)।** किसानों को प्राकृतिक खेती पर कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को ठाम पंचायत कालादेह में किया गया सहायक कृषि अधिकारी कमलेश यादव ने बताया कि प्राकृतिक खेती मिशन में ग्राम पंचायत अजीतगढ, समेलिया और कालादेह से कुल 125 किसानो का चयन किया गया है प्राकृतिक खेती स्थानीय संसाधनो पर आधारित रसायन मुक्त कृषि है इसका उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना तथा मृदा की उर्वरा शक्ति एवं किसानो की आय में वृद्धि करना है किसानो को प्राकृतिक खेती में जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र आदि की जानकारी देकर खेती के महत्व के बारे में बताया किसानो को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया कृषि पर्यवेक्षक मुकेश कुमावत ने जल बचत पर फार्म पौंड योजना के बारे में विस्तार से बताया कृषि पर्यवेक्षक सोहन लाल ने विभिन्न योजनाओं मे तारबन्दी, पाइपलाइन, गोवर्धन जैविक योजना आदि के बारे में बताया

# डॉ. अतुल लुहाड़िया को मिला राष्ट्रीय फेलोशिप अवॉर्ड

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के प्रमुख टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ और इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. अतुल लुहाड़िया को इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी (आईसीएएआई) द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित 'फेलोशिप अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एलर्जी, अस्थमा और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान के लिए दिया गया।

- एलर्जी, अस्थमा व इम्यूनोलॉजी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित




उदयपुर में पीएमसीएच के डॉ. अतुल लुहाड़िया को राष्ट्रीय फेलोशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान डॉ. लुहाड़िया को लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'नेशनल एलर्जी एंड अस्थमा कॉन्फ्रेंस (आईसीएएआईसीओएन)' के दौरान प्रदान किया गया। इस दौरान, आईसीएएआई के प्रेसिडेंट डॉ. सुरेश कूलवाल, सेक्रेटरी डॉ. ए.बी. सिंह, ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. राजेंद्र प्रसाद और ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वेद प्रकाश ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस वर्ष देशभर से केवल पांच चेस्ट रोग विशेषज्ञों को इस विशिष्ट फेलोशिप अवॉर्ड के लिए चुना गया था, जिनमें राजस्थान से केवल "डॉ. अतुल लुहाड़िया का चयन हुआ, जो उदयपुर और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने डॉ.लुहाड़िया की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की और इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया।

# कृषकों को निःशुल्क गेहूं के बीज वितरित किए

**बांसवाड़, (निसं)।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सौजन्य से प्रगति ग्रामीण विकास सेवा संस्थान के माध्यम से टामटिया आडा गांव में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के कृषकों को निशुल्क गेहूं की किस्म एचडी 3386 का बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह किस्म उत्तर-पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में सिंचित और समय पर बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त है। इसकी मुख्य विशेषताओं में उच्च उपज, पीलापन और पत्ती रतुआ जैसे रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता और आयरन व जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होना शामिल है। यह किस्म 130-135 दिन में पककर 65 से 75 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज देती है।

घाटोल, देलवाड़ा, लोकिया, अरथुना, गोसाई का पाडा बोदिया, परतापुर, मेतवाला बूढ़ा बस्सी, मकनपुरा, खमेरा, घलकिया, सुंदरनपुर, प्रतापगढ़ के डाबड़ा एवं आस-पास के क्षेत्र के कृषकों को निशुल्क गेहूं की किस्म एचडी 3386 का बीज वितरण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम जिले में प्रधान वैज्ञानिकएवं अनुसूचित जाति उपयोजना के अधिकारी डॉ संदीप कुमार लाल तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली प्रधान वैज्ञानिक डॉ टीकम सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रगति ग्रामीण विकास सेवा संस्थान के निदेशक कोदर लाल बुनकर ने कृषकों से कृषि में उन्नत बीजों का उपयोग कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भगवती लाल बुनकर, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल बुनकर, एडवोकेट पारस चौहान, गट्टू लाल यादव, मणिलाल यादव, छगन लाल यादव, उकार लाल बुनकर, छगनलाल बुनकर, विजयपाल बुनकर, मनोहर लाल बुनकर, भगवती लाल बुनकर, युवराज बुनकर, मांगीलाल मेघवाल सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। क्षेत्र के लगभग 600 किसानों को मीनीकिट वितरित किये गये। संचालन भगवती लाल बुनकर ने किया जबकि आभार उंकार लाल बुनकर ने माना।

# सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रतियोगिता में की शिरकत

**राजसमंद, (निसं)।** सांसद खेल महोत्सव राजसमंद-2025 के अंतर्गत सोमवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने दिनभर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके प्रदर्शन की सराहना की। नेडच में आयोजित प्रतियोगिता में नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने शिरकत की। संयोजक श्याम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं की बालकृष्ण स्टेडियम, कांकरोली में कबड्डी मुकाबले से हुई, जहाँ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एसपी ऑफिस स्थित वॉलीबॉल कोर्ट पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जोरदार मुकाबले हुए। जेके स्टेडियम, कांकरोली में क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच देखने को मिला, वहीं एमडी स्कूल के खेल मैदान में खो-खो मुकाबलों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाणा खेल मैदान में अंडर-फुटबॉल प्रतियोगिता तथा पर्ल ठोस एकेडमी खेल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उम्दा खेल दिखाया।

# राष्ट्रीय गीत का हुआ सामूहिक गायन

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक कॉलेज ऑफ़ टीचर्स एजुकेशन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वंदे मातरम् 150 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने एक साथ वंदे मातरम् का गायन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कपिलेश तिवारी ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रचना प्रक्रिया और स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. अंजलि दशोरा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के महाविद्यालय रेंजर लीडर डॉ. कविता सागर ने आत्मनिर्भर भारत के तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प प्रतिज्ञा और हर घर स्वदेशी , घर घर स्वदेशी के नारे का उद्घोष किया गया।

# सरकारी कार्यक्रमों में डीजल नहीं देने की चेतावनी दी

**डूंगरपुर, (निसं)।** सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में डूंगरपुर जिले के पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा समय-समय पर डीजल की आपूर्ति की गई थी,किंतु आज दिन तक उक्त कार्यक्रमों का भुगतान लंबित है। भुगतान में हो रही देरी से पंप संचालकों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। इसी के चलते सोमवार को पेट्रोल पंप संचालकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पुराने सभी बकाया भुगतान अविलंब जारी करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो भविष्य में किसी भी सरकारी कार्यक्रम में डीजल आपूर्ति नहीं की जाएगी।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कई वर्षों से लंबित भुगतान अब तक नहीं मिले हैंए जिनमें प्रमुख रूप से निम्न कार्यक्रम शामिल हैं। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर रैली-डीजल आपूर्ति का भुगतान अब तक बकाया है। उप.चुनाव अवधि में सरकारी वाहनों को प्रदत्त डीजल-भुगतान लंबित है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बांसवाडा रैली-डूंगरपुर जिले के पंपों से आपूर्ति की गई, परंतु भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बांसवाडा रैली बडे पैमाने पर डीजल आपूर्ति की गई, किंतु भुगतान अब तक शेष है। गृहमंत्री अमित शाह के सहकार सम्मेलन जयपुर हेतु भेजी गई गाडियो को प्रदत्त डीजल-भुगतान लंबित है। राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए डूंगरपुर जिले से भेजी गई गाडियों को दिया गया डीजल-भुगतान अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। इस अवसर पर नीरज सोमपुरा, संजय सरिया, उत्तम पांचाल, नारायणलाल डामोर,पुनीत मेहता, संजय कलासुआ आदि मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में ईडीपी सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर सिंह ने पीएचईडी,पीडब्ल्यूडी,आईसीडीएस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उद्योग विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, रसद आदि समस्त विभागों के प्रगतिरत कार्यों, योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिन कार्यों में न्यून प्रगति है उसमें तेजी लाते हुए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में पेयजल वितरण, पेंशन वेरिफिकेशन,लाडो प्रोत्साहन योजना, विश्वकर्मा योजना, मिड-डे-मिल वितरण, खाद्यान्न वितरण, वैक्सीनेशन सहित समस्त कार्यों की समीक्षा की और दिशा निर्देश प्रदान किये।

बैठक में 15 नवंबर को प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मध्य नजर किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बिना अनुमति के मुख्यावास नहीं त्यागने के निर्देश दिए। साथ ही दिए गए दायित्वों का भी पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में संपर्क पोर्टल प्रकरण एवं निस्तारण, ई-फाईल की भी समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम, सीईओ सहित समस्त अधिकारी गण मौजूद रहे।

# विद्यापीठ में रिसर्च बोर्ड, एकेडमिक कौन्सिल व वित्त समिति की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) की रिसर्च बोर्ड, एकेडमिक कौन्सिल व वित्त समिति की बैठक सोमवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। प्रारम्भ में पूर्व में आयोजित बैठक के कार्य विवरण को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ के वेस्ट जोन के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की मीट आगामी 17-18 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रत्येक विभाग द्वारा डवलपमेंट प्लान बनाया जाएगा। तीनों परिसरों में अनुसंधान एवं विकास केंद्र बनाए जाएंगे। इतिहास विभाग की ओर से आदिवासी इतिहास लेखन व वंचित वर्ग भील समाज पर शोध कार्य किये जाएंगे। प्रतापनगर परिसर में ओपन थिएटर बनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से सत्र प्रारम्भ में ही एकेडमिक कलेंडर बनाने का आव्हान किया।

उन्होंने बताया कि आगामी 25 नवंबर को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान के साथ आईपीआर पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जल्द ही प्रतापनगर परिसर में हेरिटेज कॉरिडोर बनाया जाएग बैठक में 11 नए पाठ्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान की गई। पूर्व के शोध ग्रन्थ पुनः प्रारम्भ किये जाने तथा सभी संकाय सदस्यों को यूजीसी निर्देशानुसार चारों क्वार्ड्रेंट के ई-कंटेंट्स बनाने का भी आव्हान किया। बैठक में आईक्यूएसी द्वारा दिये गये सुझावों, प्रस्तावों एवं नवीन पाठ्यक्रम संचालित करने पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक सभी संकायों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई व उनमें आई कठिनाइयों का समाधान बताया गया।बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, यूजीसी नॉमिनी डॉ. कामेशकांत आचार्य, डॉ. कृष्णा रानी गुप्ता, डॉ. बी.एस.राठौड़,, प्रो. जीएम मेहता, प्रो. प्रताप सिंह चौहान, प्रो. शूरवीर सिंह भाणावत, डॉ. श्याम सिंघवी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. जीके माथुर, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, प्रो. मुनेश त्रिवेदी, प्रो. एनएन जानी, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. एसबी नागर, मयंक चपलोत, कुणाल भटनागर, डॉ. नीरू राठौड़, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. भवानी पालसिंह राठौड़, डॉ. चंद्रेश छ्तलानी, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. कुल शेखर व्यास, डॉ. निवेदिता, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. अलकनंदा शर्मा, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. गुणबाला आमेटा, भगवती लाल श्रीमाली सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।



उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ में रिसर्च बोर्ड, एकेडमिक कौन्सिल व वित्त समिति की बैठक आयोजित हुई।

- वेस्ट जोन कुलपति मीट, आईपीआर कार्यशाला, ओपन थियेटर और हेरिटेज कॉरिडोर बनाने की घोषणा, 11 नए पाठ्यक्रम स्वीकृत

# टीन शेड, बोर्ड व सामान हटवाया

**उदयपुर, (कासं)।** यूडीए की सवीना खेडा क्षेत्र में हुई अतिक्रमण की कार्रवाई के विरोध के बीच नगर निगम भी एक्शन मोड में आ गया। नगर निगम के अतिक्रमण निरोधी दस्ते ने भी सोमवार को सूरजपोल से प्रतापनगर तक रोड किनारे बोर्ड और टीन शेड हटवाए।

नगर निगम के दस्ते ने सोमवार को सूरजपोल से प्रतापनगर तक दुकानों के बाहर रोड पर लगाए अवैध बोर्ड और टीन शेड हटवाए। निगम की कार्रवाई की भनक लगते ही ज्यादातर दुकानदारों ने ही तुरंत बोर्ड हटवा लिए। निगम के दस्ते ने एक दर्जन से ज्यादा दुकानों के बाहर रखे सामान जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी के अनुसार आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर सोमवार सुबह कार्रवाई शुरू हुई। सूरजपोल से सेवाश्रम, ठोकर चौराहा, सुंदरवास, प्रतापनगर और पुराने आरटीओ ऑफिस तक कार्रवाई की गई। कई दुकानदार में रोड पर रखे सामान को उनकी जगह पर होने की बात कहते हुए बहस भी की।निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि मुख्य सडकों और सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/13996 दिनांक : 07.11.25

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री गणेश लाल वारी/परसराम वारी | भेरू जी मंदिर के पास, बड़ा बाजार, नाथद्वारा भूखण्ड क्षैत्रफल 565 वर्गफीट | भेरूजी बावजी का मंदिर व परसराम जी का मकान | मूलचन्द, गोपीलाल धोबी का मकान | रास्ता बडा बाजार से मंदिर परिक्रमा जाने वाला | श्रीमति सोहनी बाई वारी का मकान |

**आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा**

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/13992 दिनांक : 07.11.25

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री जगदीश चन्द्र, नरेश चन्द्र, रामनिवास पिता श्री रामजस विजयवर्गीय | सिंधी कॉलोनी, नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 1080 वर्गफीट | श्री हुक्मीचन्द पालीवाल का मकान | आम रास्ता | आम रास्ता | गली |

**आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा**

